तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 मन लगाकर पढ़ें, अपने माता-पिता, विद्यालय और जिले का करें नाम रोशन : लखनलाल



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9

# मानदेय शिक्षकों की भर्ती में गड़बड़ झाला, कलेक्टर ने प्रधानपाठकों की वेतनवृद्धि रोकने दिए आदेश

## 31 जुलाई तक किताबों की शत प्रतिशत स्केनिंग करने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्कूलों में पाठ्यपुस्तकों के वितरण एवं स्कूलवार स्कैनिंग कार्य की समीक्षा की। उन्होंने विकासखंड कोरबा एवं पोड़ी-उपरोड़ा में स्कैनिंग की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 31 जुलाई तक सभी विकासखंडों में शत-प्रतिशत स्कैनिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वेंडर से समन्वय कर सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत बालिकाओं को शीघ्र साइकिल वितरण सुनिश्चित करने तथा स्कूली विद्यार्थियों को गणवेश का दूसरा सेट उपलब्ध कराने के लिए उच्च अधिकारियों से समन्वय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम पोषण गार्डन के लिए विद्यालयों की जानकारी 31 जुलाई तक उपलब्ध कराने, अहाताविहीन विद्यालयों की सूची तैयार करने तथा संबंधित जनपद पंचायतों के सीईओ को सरपंच एवं सचिव के माध्यम से उसका सत्यापन कराने के निर्देश दिए। मानदेय शिक्षकों की भर्ती में गड़बड़ी संबंधी प्राप्त शिकायतों के निराकरण में प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने संबंधित प्रधानपाठकों की वेतनवृद्धि रोकने तथा जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपार आईडी से वंचित विद्यार्थियों के लिए 1 अगस्त से 31 अगस्त तक विशेष शिविर आयोजित कर अपार आईडी बनाने तथा आधार एवं यू-डाइस से संबंधित त्रुटियों का निराकरण करने के निर्देश दिए। छात्र सुरक्षा बीमा की राशि समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाने की शिकायत के मामले में कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के संबंधित शाखा प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

**खास बात**

- सरस्वती साइकिल योजना की साइकिल व बच्चों को गणवेश का दूसरा सेट जल्द दिलाएं



फाइल फोटो

## खबर संक्षेप

### शिकायतों की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विकासखंड कटघोरा अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छुरीकला में विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं से संबंधित प्राप्त गंभीर शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए चार सदस्यीय जांच समिति गठित की है। समिति को प्रकरण की निष्पक्ष एवं तथयपरक जांच कर एक सप्ताह के भीतर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। गठित जांच समिति में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा, तहसीलदार कटघोरा, सहायक लेखा अधिकारी तथा कनिष्ठ लेखा अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। समिति विद्यालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों को प्रदत्त सुविधाओं तथा शिकायतों से जुड़े सभी बिंदुओं की विस्तृत जांच करेगी। कलेक्टर श्री दुदावत ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों के हितों एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। शिकायतों की निष्पक्ष जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### नल से पानी आने पर ही होगा जल जीवन मिशन के कार्यों का भुगतान

**कोरबा।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पूर्ण हो चुके कार्यों को संबंधित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किया जाए तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) उनका क्रॉस वेरिफिकेशन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मार्च 2028 तक सभी लंबित कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिन योजनाओं में नल से नियमित रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, उन्हीं कार्यों का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने ग्राम स्तर पर जल एवं स्वच्छता समितियों की नियमित बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

### उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षिका रसीदा का सम्मान



**कोरबा।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के फलस्वरूप श्रीमती रसीदा बानों, सहायक शिक्षक, शासकीय आश्रम शाला बिंझरा, विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा को राइज कैरियर काउंसलिंग द्वारा उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। पवन कुमार सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष, राज जायसवाल अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद कटघोरा, हरि शरण सराफ प्राचार्य, डाइट एवं कामता जायसवाल जिला समन्वयक के द्वारा सम्मानित कियसा गया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित करने के लिए अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां निर्धारित कीं तथा सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक एवं समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## वनांचल क्षेत्र होने की वजह से बारिश में हो रही खासी परेशानी

# कुदमुरा क्षेत्र के एक दर्जन गांव लो वोल्टेज और पावर कट से परेशान, ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में बिजली विभाग की लापरवाही स्थानीय ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। कुदमुरा, चचिया, बरपाली सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामों में पिछले एक सप्ताह से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सुबह होते ही लो वोल्टेज की समस्या शुरू हो जाती है, तो वहीं दिन और रात के समय बार-बार हो रही अघोषित कटौती (पावर कट) ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। पेयजल संकट और जहरीले जीवों का खतरा बना रहता है। मामला जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी दूर वनांचल क्षेत्र कुदमुरा के अंतर्गत आने वाले एक दर्जन ग्राम पंचायत की है जहां बरपाली, जिल्गा, कुदमुरा, बासीन, तौलीपाली, चचिया, गिरारी, गीतकुंवारी, श्यांग सहित डेढ़ दर्जन गांव प्रभावित हैं। बारिश के इस मौसम में लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण ग्रामीणों के सामने पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मोटर-पंप न चल पाने की वजह से लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इसके अलावा, वनांचल क्षेत्र होने के कारण अंधेरे में जहरीले जीव-जंतुओं सांप, बिच्छू आदि के काटने का खतरा काफी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में पावर कट होने के बाद डर के साए में पल-पल बिताना पड़ता है। ग्रामीण कई बार बिजली विभाग के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। बारिश के दिनों में अंधेरे की वजह से घर से निकलना तक दूभर हो गया है।



फाइल फोटो

### जल्द किया जाएगा निदान

कुदमुरा क्षेत्र के एक दर्जन गांव में लो वोल्टेज व पावर कट की समस्या सामने आयी है जिसका जल्द ही परीक्षण कराया जाएगा और विद्युत व्यवस्था को पुन: सुचारु रुप से संचालित करने का प्रयास किया जाएगा। वनांचल क्षेत्र होने की वजह से बारिश में व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है जिसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा।

-**शत्रुहन प्रसाद** सोनी, विद्युत विभाग डीई, ग्रामीण कोरबा

### हाथी प्रभावित क्षेत्रों में कर दी जाती है बिजली बंद

कोरबा मंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र के ग्राम पोटला क्षेत्र में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसे लेकर हाथी अक्सर खुले तार व कम उंचाई के विद्युत प्रवाहित तार करंट की चपेट में आ जाते हैं और उनकी मौत हो जाती है। इस तरह की कई घटना सामने आने के बाद दोनों ही वन विभाग और विद्युत विभाग की टीम सतर्क हो गई है और जिस क्षेत्र में हाथियों का मूवमेंट होता है इसकी सूचना वन विभाग द्वारा विधिवत प्रतिदिन विद्युत विभाग के अफसरों को दी जाती है और हाथी करंट की चपेट में आने से मौत या गंभीर घटना ना हो इसके लिए विद्युत विभाग द्वारा कोऑर्डिनेशन कर शाम होते ही हाथी प्रभावित क्षेत्रों में बिजली बंद कर दी जाती है। कुदमुरा क्षेत्र में कुछ हल इसी तरह का है पिछले कई दिनों से इस क्षेत्र में हाथी को विचरण कर रहा है और शाम होते ही क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को बाधित कर दी जाती है जिसके चलते स्थानीय लोगों की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### भिलाईबाजार में बार बार हो रही ट्रिपिंग

ग्राम पंचायत भिलाई बाजार के ग्रामीण इन दिनों भीषण बिजली संकट का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर मुश्किल से 3 से 5 घंटे ही बिजली उपलब्ध हो पाती है। लगभग हर दिन लंबे समय तक बिजली कटौती होने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली आपूर्ति के दौरान भी दिनभर में बार-बार ट्रिपिंग (अप-डाउन) होती रहती है। लगातार वोल्टेज में उतार-चढ़ाव के कारण घरों में लगे टीवी, फ्रिज, पंखे, कूलर, मोटर, इन्वर्टर सहित अन्य विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रलिया नर्सरी के पास एसईसीएल द्वारा शिफ्ट किया गया बिजली का खंभा बार-बार झुक जाता है और गिरने की स्थिति में पहुंच जाता है। जिसके कारण बार बार समस्या हो रही है। बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि और दुर्घटना से बचा जा सके।

# रेत निकासी पर लगा बैन, फिर भी तस्करों का बोलबाला, 9 वाहन जब्त


जब्त टैक्टर व खनिज विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश तथा उप संचालक, खनि प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में अवैध उत्खनन परिवहन व भण्डारण पर प्रतिबंध लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गठित खनिज उड़नदस्ता दलों द्वारा जिले के कई स्थानों पर छापा मारकर सघन जांच की गई। इसी कड़ी में सीतामणी में रेत का अवैध परिवहन कर रहे 2 ट्रेक्टर, बरमपुर में रेत का अवैध परिवहन कर रहे 1 टीपर, राताखार में गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे 2 हाइवा व रेत का अवैध परिवहन कर रहे 1 टीपर, कुसमुंडा में ईंट का अवैध परिवहन कर रहे 2 ट्रेक्टर तथा कटघोरा में रेत का अवैध परिवहन कर रहे 1 ट्रेक्टर सहित कुल 9 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए जब्त कर सिटी कोतवाली थाना, सर्वमंगला पुलिस चौकी, कुसमुंडा थाना, दर्री थाना व खनिज जांच चौकी, कटघोरा की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रतिबंध सुनिश्चित करना, अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा शासकीय राजस्व की हानि को रोकना है। नियमों का उल्लघंन करने, अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा भण्डारण ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- सीतामणी, बरमपुर, राताखार सहित अन्य स्थानों में खनिज विभाग ने दी दबिश
- खनिज विभाग कोरबा की लगातार कार्यवाही से खनिज माफियाओं में मचा हड़कंप

# विवाद, बड़े भाई ने छोटे भाई पर तीर से किया हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम सलिहाभाठ, मोहल्ला पंटोरवा पारा में धनुष-तीर से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में एक युवक घायल हो गया, जिसे डायल 112 की मदद से सीएचसी पोड़ीउपरोड़ा में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। मामला बांगों थाना क्षेत्र के ग्राम सलिहाभाठ निवासी शिव सिंह पोया, पिता सम्मल पोया ने धनुष से तीर चलाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीर करीब 15 से 20 मीटर की दूरी से चलाया गया था। बताया जा रहा है कि आरोपी शिव सिंह पोया और उसके छोटे भाई शनिच राम पोया के बीच विवाद चला आ रहा था, सोमवार की दोपहर शिव सिंह पोया ने अपने छोटे भाई पोया पर तीर धनुष से हमला कर दिया है। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- बांगो पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मामला


घायल ग्रामीण।

# दो ट्रेलर की भिड़ंत, आधे घंटे तक सड़क रही जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

सराई सिंगार बजरंग चौक से बलौदा मुख्य मार्ग धौराभांठा के पास मंगलवार दोपहर 2.30 बजे दो ट्रेलरों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई करीबी आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सड़क बहाल हो सकी। ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएफ 5398 जो खाली थी तो वहीं बलौदा तरफ से आ रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएफ 5632 दीपका से कोयला लोड लेकर बलौदा की तरफ़ जा रही थी दोनों वाहनों के चालक ने ओवरटेक करने के चक्कर में आमने सामने जा भिंड़ी। घटना का सुखद पहलु यह रहा कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। चालकों को मामूली चोटें आई है। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी जिसमें एक एम्बुलेंस शव लेकर जा रहा था वह भी फंसी रही। जिसके बाद पास के ही बारुद फैक्ट्री से हाईड्रा की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलरों को हटाया गया, जिसके बाद यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी।

**खास बात**

- हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सराईसिंगार का मामला


दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर व इस तरह लोगों की लगी थी भीड़।

## बारिश में सड़कों पर आ जाते हैं मवेशी, रात में है होता है खतरा

# सड़कों पर मवेशियों का डेरा, कभी भी हो सकती है घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर से लेकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तक मुख्य सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा हो गया है। सड़कों पर मवेशियों के बैठे रहने व आने जाने से कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। कटघोरा मार्ग, नेशनल हाईवे तथा अन्य व्यस्त मार्गों पर बड़ी संख्या में मवेशी बैठे या घूमते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं। इस सड़क मार्ग में भारी वाहनों सहित छोटे वाहन, मोटर साइकिल का आना जाना लगा रहता है जिससे कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है। आए दिन सड़कों पर मवेशियों के मंडराने व घूमते रहने से अनेकों बार दुर्घटना हो चुकी है। बारिश के मौसम में अक्सर यह समस्या बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या के कारण पहले भी कई सडक़ दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों के घायल होने के साथ-साथ मवेशियों की भी मौत हुई है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। नगर निगम और स्थानीय प्रशासन समय-समय पर अभियान चलाकर सडक़ों पर घूम रहे मवेशियों को पकडक़र कांजी हाउस भेजने की कार्रवाई करते हैं। इसके बावजूद कुछ ही दिनों बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। लोगों का मानना है कि केवल मवेशियों को पकडऩा पर्याप्त नहीं है। जिन पशुपालकों के मवेशी खुले छोड़ दिए जाते हैं, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। जब तक पशुपालकों की जवाबदेही ⏭ शेष पेज 3 पर


सड़कों पर इस तरह नजर आते हैं मवेशी।

### निगम के अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने टीएल की बैठक लेकर विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने टीएल के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने प्रमुख सड़कों पर आवारा मवेशियों के विचरण एवं जमावड़े पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (सीएमओ) को धरपकड़ अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर मवेशियों के जमावड़े से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए मवेशियों को पकड़कर उनके संबंधित मालिकों पर जुर्माना अधिरोपित करने के बाद ही पशुओं को छोड़ा जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने पशुधन विकास विभाग को पशुओं के सींग एवं गले में रेडियम पट्टी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौधाम योजना की समीक्षा करते हुए इसके संचालन में आ रही समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने को कहा।

### ई-बसों के सुगम संचालन पर हुई चर्चा

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित की जाने वाली 40 ई-बसों के सुगम एवं प्रभावी संचालन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान नगर निगम के निगमायुक्त आशुतोष पांडेय, कार्यपालन अभियंता राकेष मसीह सहित सोसायटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में 40 ई-बसों के संचालन के लिए गठित समिति द्वारा प्रस्तावित रूट चार्ट के अनुमोदन पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही प्रस्तावित मार्गों का भौतिक परीक्षण कर सड़क की चौड़ाई, ई-बसों के सुरक्षित आवागमन तथा बसों के टर्निंग के लिए पर्याप्त स्थान की उपलब्धता का परीक्षण कराने के संबंध में समिति गठित ककरने पर चर्चा हुई।

## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आए किसान की गई जान

**सूरजपुर।** खेत में काम करने के दौरान किसान आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गया जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नमदगीरी निवासी 35 वर्षीय विनय देवांगन मंगलवार को अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम बदलने तथा तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हुई। इस बीज तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली सीधे किसान पर गिरा जिससे किसान गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान और खेतों में काम करने से बचने तथा आकाशीय बिजली की चेतावनी मिलने पर सुरक्षित स्थान पर रहने की बात कही है।

### आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौके पर ही मौत

**सेदम।** तेज आंधी बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की लाश बस्ती से दूर बने घर बोयरगोड़ा में पड़ा मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बोदा बैगापारा निवासी चंद्रमुनि पति सुखराम कोरवा (56 वर्ष) सोमवार की दोपहर 1 बजे नए घर बोयरगोड़ा फसल देखने गई थी। इसी दौरान तेज आंधी बारिश गरज चमक के बीच आकाशीय बिजली गिरने से महिला चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई औ महिला की लाश घर के सामने औंधे मुंह पड़ा हुआ था। इधर महिला को परिजन पूरे गांव में उसे ढूंढते रहे जब महिला का पता नहीं चला तब परिजन देर शाम को बोयरगोड़ा में बने नए घर गए तो महिला की लाश देखा। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### शासकीय शराब दुकान में 17 लाख रूपए से अधिक का गबन उजागर

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के शासकीय शराब दुकानों से 17 लाख रूपए से अधिक के गबन का मामला सामने आया है। कुसमी और वाड्रफनगर शासकीय विदेशी शराब दुकानों में काम करने वाले सुपरवाईजरों ने दुकान में स्टाक रजिस्टर में छेड़छाड़ कर शराब की घटती दिखाई गई और फिर शासन को लाखों रूपए का नुकसान कर फरार हो गए। अब मामला प्रकाश में आने के बाद जिला आबकारी कधिकारी के निर्देश पर दोनों सुपरवाईजर के खिलाफ अपराध दर्ज कराया गया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के कुसमी और वाड्रफनगर शासकीय शराब दुकान में मई और जून महीने की ऑडिट कराई गई थी। इस ऑडिट के दौरान कुसमी शासकीय शराब दुकान में 9 लाख 64 हजार व वाड्रफनगर शराब दुकान से 7 लाख 59 हजार के गबन का खुलासा हुआ। जब अधिकारियों ने स्टाक रजिस्टर का मिलान किया तो पाया गया कि स्टाक में घटती दिखाकर दुकानों में कार्यरत सुपरवाईजरों ने इस गबन को अंजाम दिया। गबन की जानकारी सामने आने के बाद दोनों सुपरवाईजर भाग निकले। इन दोनों सुपरवाईजर की नियुक्ति प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से की गई थी। 17 लाख 23 हजार रूपए के गबन का मामला सामने आने के बाद जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर दोनों सुपरवाईजर के खिलाफ कुसमी और वाड्रफनगर थाने में अपराध दर्ज किया गया है और उनकी तलाश की जा रही है। इधर गबन के मामले में फरार चल रहे सुपर वाईजरों की नियुक्ति मुम्बई की टीम एचआर नामक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से की गई थी। इस लिए अब विभाग द्वारा गबन के राशि की भरपाई भी प्लेसमेंट एजेंसी से किए जाने की बात कही जा रही है। वहीं अब इस तरह के मामलों से बचने के लिए विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अवसर दिये जाने और पुलिस वेरीफिकेशन के बाद कर्मचारी रखने की रणनीति बनाई है।

### कलेक्टर के आदेश पर जब्त खाद को कृषि विभाग ने किया राजसात

**सीतापुर।** कालाबाजारी के लिए ले जा रहे खाद को जब्त खाद को कलेक्टर के आदेश पर कृषि विभाग ने राजसात कर लिया है। इस खाद का उपयोग कृषि विभाग अब किसानों एवं कृषि अनुसंधान के हित में करेगी। विदित हो कि विगत विगत 13 मई को कालाबाजारी के लिए ले जा रहे नीम कोटेड यूरिया को मुखबिर की सूचना पर कृषि विभाग ने पिकअप वाहन समेत जब्त किया था। जब्त करने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से कृषि विभाग ने पिकअप वाहन समेत खाद को थाने के सुपुर्द कर दिया था। इस कार्रवाई के बाद डीडीए कृषि पीताम्बर सिंह दिवान के दिशानिर्देश में नीम कोटेड यूरिया को राजसात करने की कार्रवाई हेतू विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर मामला कलेक्टर कार्यालय में सौंपा गया था। मामले की विधिक सुनवाई के बाद कलेक्टर सरगुजा ने विगत 27 जुलाई को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6(ए) 2 के तहत निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए जब्त यूरिया को राजसात करने का आदेश दिया था।जिसके बाद राजसात की प्रक्रिया पूरी करने के बाद कृषि विभाग ने जब्त यूरिया का सदुपयोग किसानों एवं कृषि अनुसंधान के हित में सुनिश्चित करने के लिए परिक्षेत्र कृषि अनुसंधान संस्थान को सौप दिया गया है।

## मानव-हाथी द्वंद्व की रोकथाम के लिए समन्वित कार्ययोजना पर जोर

# रिहायशी क्षेत्रों से हाथियों को दूर रखने वन विभाग की टीमें रहें सतर्क: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मानव-हाथी द्वंद्व की रोकथाम, हाथी प्रभावित परिवारों के मुआवजा प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा हाथियों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन, विद्युत, राजस्व, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मानव-हाथी द्वंद्व की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



बैठक लेते कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं अन्य।

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने वन विभाग की हाथी निगरानी टीमों को पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि हाथियों को हरसंभव प्रयास कर रिहायशी क्षेत्रों से दूर रखा जाए, ताकि जनहानि एवं अन्य दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम रहे। उन्होंने कहा कि हाथी प्रभावित गांवों में समय पर सूचना पहुंचाना तथा ग्रामीणों को सतर्क रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। भीड़ नियंत्रण की स्थिति में पुलिस एवं वन विभाग को आपसी समन्वय के साथ तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में हाथियों से हुई जनहानि, फसल क्षति, मकान एवं अन्य संपत्ति नुकसान से संबंधित मुआवजा प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मुआवजा वितरण में किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होने देने के निर्देश देते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध बनाने के लिए विशेष ऑनलाइन सॉफ्टवेयर विकसित किया जाए। इसके माध्यम से प्रकरणों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग, लंबित मामलों की समीक्षा तथा भुगतान की प्रगति पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। कलेक्टर ने हाथी विचरण क्षेत्रों से गुजरने वाली 11 केवी विद्युत लाइनों के लो-हैंगिंग प्वाइंट्स का तत्काल सर्वे कर उन्हें मानक ऊंचाई तक सुधारने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत तारों के संपर्क में आने से किसी भी हाथी की मृत्यु नहीं होनी चाहिए। वन एवं विद्युत विभाग को संयुक्त निरीक्षण कर झूलते तारों, क्षतिग्रस्त विद्युत खंभों तथा कम ऊंचाई वाली विद्युत लाइनों में शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध विद्युत हुकिंग तथा खेतों में करंटयुक्त तार लगाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को कहा गया।

## वेदांता पावर की क्रिसिल रेटिंग हुई अपग्रेड एए प्लस स्टेबल श्रेणी में हुआ शामिल




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की प्रमुख निजी ताप विद्युत उत्पादक कंपनियों में शामिल वेदांता पावर लिमिटेड को क्रिसिल ने बड़ी रेटिंग राहत देते हुए उसकी गारंटीकृत दीर्घकालिक बैंकिंग सुविधाओं की रेटिंग क्रिसिल एए प्लस स्टेबल कर दी है। इससे पहले कंपनी की यह रेटिंग रेटिंग वॉच विद डेवलपिंग इंप्लिकेशन्स के अंतर्गत थी। वहीं कंपनी की स्वतंत्र दीर्घकालिक रेटिंग एए-स्टेबल तथा अल्पकालिक रेटिंग क्रिसिल ए-1 प्लस पर बरकरार रखी गई है।

क्रिसिल के अनुसार यह रेटिंग अपग्रेड वेदांता समूह के डीमर्जर के सफल क्रियान्वयन के बाद कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति, विविध ताप विद्युत परिसंपत्तियों, बेहतर तरलता और रणनीतिक महत्व को देखते हुए किया गया है। एजेंसी ने कंपनी के प्रभावी परिचालन, दीर्घकालिक पावर परचेज एग्रीमेंट, सुरक्षित ईंधन आपूर्ति व्यवस्था तथा वित्तीय लचीलेपन को भी इस निर्णय का प्रमुख आधार बताया है। वेदांता पावर वर्तमान में देश के विभिन्न राज्यों में ताप विद्युत संयंत्रों का संचालन कर रही है। इनमें पंजाब स्थित 1980 मेगावाट क्षमता का तलवंडी साबो थर्मल पावर प्लांट, ओडिशा के झारसुगुड़ा में 600 मेगावाट क्षमता का संयंत्र, आंध्र प्रदेश में 1000 मेगावाट क्षमता वाली मीनाक्षी एनर्जी लिमिटेड तथा छत्तीसगढ़ के सक्ती में 600 मेगावाट क्षमता का थर्मल पावर प्लांट शामिल है। कंपनी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सक्ती संयंत्र में 600 मेगावाट की एक अतिरिक्त इकाई शुरू होने के बाद उसकी कुल उत्पादन क्षमता में और वृद्धि होगी।

## संत रविदास की मनाई गई 650वीं जयंती, भाजपा चलाएगी 6 माह का समरसता संकल्प अभियान



प्रेसवार्ता को संबोधित करते विधायक प्रेमचंद पटेल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर के साथ-साथ जिले में भी 6 माह का समरसता संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उदेश्य संत रविदास के समरसता, सामाजिक न्याय, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज के सभी वर्गों के बीच सामाजिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना है।

उक्त जानकारी मंगलवार को कोरबा प्रेस क्लब के तिलक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद्र पटेल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी ने संयुक्त रूप से दी। कटघोरा विधायक प्रेमचंद्र पटेल ने कहा कि संत गुरु रविदास का जीवन सामाजिक समता, सद्भाव और मानव सेवा का अनुपम उदाहरण है। उनके विचार आज भी समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संत गुरु रविदास जी के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने के लिए मंडल एवं बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करते हुए व्यापक जनजागरण अभियान चलाएगी। जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने बताया कि समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला, मंडल एवं बूथ स्तर तक व्यापक जनसंपर्क और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करेगी। अभियान के दौरान कलश यात्राएं, समरसता संवाद, सामाजिक सद्भाव कार्यक्रम, संत गुरु रविदास के जीवन एवं विचारों पर संगोष्ठियां तथा विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के मंडलों में 650 दीप मंदिरों में जलाए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना व सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित के भाव को सशक्त करना है। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री रितु चौरसिया, जिला महामंत्री संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, जिला पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. विजय राठौर, जिला एससी मोर्चा अध्यक्ष राजेश लहरे, नवीन अरोड़ा, शैलेंद्र यादव, संजय राठौर, नीरज ठाकुर, अजय चंद्रा, प्रदीप सिंह और उदय श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बालको के माध्यम से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको के माध्यम से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है। सड़क, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, सामुदायिक भवन, नाली निर्माण सहित अनेक विकास कार्यों के माध्यम से कंपनी क्षेत्र की उन्नति और तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। कोरबा में औद्योगिक विकास के कारण प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

**खास बात**

- चिल्ड्रन पार्क का हुआ लोकार्पण


हितग्राहियों को चाबी सौंपते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बालको के द्वारा निर्मित चिल्ड्रंस पार्क के लोकार्पण अवसर पर कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन तथा विशिष्ट अतिथि महापौर संजू देवी राजपूत ने फीता काटकर पार्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बालको के मुख्य कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं प्रशासन अधिकारी कैप्टन धनंजय मिश्रा, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। लगभग 13 हजार वर्गफुट में विकसित यह पार्क पहले एक अनुपयोगी एवं कचरा-प्रभावित क्षेत्र था, जिसे विकसित कर बच्चों, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित और आधुनिक सामुदायिक स्थल के रूप में परिवर्तित किया गया है। पार्क में बच्चों के लिए झूले, ओपन जिम, एक्यूप्रेशर पाथवे, हरित लॉन तथा परिसर की सुंदरता बढ़ाने के लिए अरेका पाम का रोपण किया गया है। पार्क के रखरखाव को पर्यावरण-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से सौर ऊर्जा संचालित जल आपूर्ति प्रणाली भी स्थापित की गई है। लोकार्पण के पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने पार्क का भ्रमण कर बच्चों के खेल उपकरण, ओपन जिम, एक्यूप्रेशर पाथवे, हरित लॉन तथा अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। विशिष्ट अतिथि संजू देवी राजपूत ने कहा बालको निरंतर क्षेत्र के विकास को नई गति दे रहा है। सामुदायिक भवन, आधुनिक पार्क, सड़क निर्माण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास में कंपनी का महत्वपूर्ण योगदान है। कंपनी द्वारा किए गए कार्य क्षेत्र के प्रत्येक हिस्से में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। इस अवसर पर परसाभाठा के पार्षद बद्री किरण ने चिल्ड्रेंस पार्क को लेकर बालको के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बालको आसपास के क्षेत्रों में निरंतर जनहितकारी कार्य कर रहा है। उन्नति परियोजना के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा मशरूम उत्पादन, कोसाकारी सहित विभिन्न आजीविका कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। कंपनी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ आंगनवाड़ी एवं विद्यालयों के उन्नयन में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने नागरिकों से पार्क को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह सामुदायिक संपत्ति है और इसकी देखभाल हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।यह पहल समुदाय के लिए बेहतर सार्वजनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा स्वस्थ एवं बेहतर जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में बालको की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हाल के महीनों में कंपनी ने सामुदायिक भवन, सड़क, पार्क एवं अन्य आधारभूत संरचना विकास परियोजनाओं को पूर्ण कर स्थानीय प्रशासन एवं समुदाय को समर्पित किया है। इन पहलों के माध्यम से बालको आसपास के क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार तथा सतत एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

## ग्राम्य भारती कालेज में मना कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य, प्राध्यापकगण, कर्मचारी, एनएसएस स्वयंसेवकों तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।


कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्रोफेसर व छात्र छात्राएं।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं कारगिल युद्ध के अमर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एम वैष्णव के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार पांडे ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च समर्पण का प्रतीक है। युवाओं को उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए तथा सदैव देशहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य केवल समाज सेवा ही नहीं, बल्कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना भी है। कारगिल के वीर सैनिकों का बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर डॉ. के. के. दुबे ने कहा कि "कारगिल युद्ध ने पूरे विश्व के सामने भारतीय सेना की वीरता और अदम्य साहस का परिचय दिया। हमें अपने शहीदों के त्याग को सदैव स्मरण रखते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति की भावना को मजबूत करना चाहिए।

## हर व्यक्ति लगाए एक पौधा, तभी सुरक्षित होगा हमारा भविष्य : कमलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका

आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और हरा-भरा कल देने के उद्देश्य से प्राथमिक शाला बिंझवारपारा संकुल-दीपका में एक भव्य और प्रेरणादायक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस विशेष अभियान में वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद कमलेश जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिनके नेतृत्व में शाला परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया ।



इस वृक्षारोपण अभियान के दौरान केवल छायादार पेड़ ही नहीं बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए फलदार और बहुउपयोगी औषधीय पौधे भी रोपे गए यह पौधे आने वाले समय में न सिर्फ स्कूल परिसर को हरा-भरा बनाएंगे बल्कि बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और उन्हें प्राकृतिक औषधियों के महत्व को समझाने में भी मददगार साबित होंगे। पार्षद कमलेश जायसवाल ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं आज ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में पर्यावरण का संरक्षण किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है हमें सिर्फ पौधे लगाने ही नहीं हैं बल्कि उनके बड़े होने तक उनकी देखभाल का संकल्प भी लेना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही शाला के प्रधान पाठक सूर्य भूषण प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सभी शिक्षकों और स्कूली बच्चों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया नन्हे-मुन्ने बच्चों के हाथों से रोपे गए पौधों ने परिसर में एक नई ऊर्जा का संचार कर दिया सभी बच्चों ने संकल्प लिया।

## वेतन कटौती हुई तो होगा डीपीआई कार्यालय का घेराव


# वीएसके ऐप की तकनीकी खामियों पर संयुक्त शिक्षक संघ का मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वीएसके ऐप आधारित उपस्थिति प्रणाली में लगातार आ रही तकनीकी समस्याओं तथा ऐप आधारित उपस्थिति के आधार पर वेतन भुगतान के आदेश का छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने विरोध किया है। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक ऐप की तकनीकी त्रुटियों का स्थायी एवं प्रभावी समाधान नहीं किया जाता, तब तक उपस्थिति के आधार पर किसी भी प्रकार की वेतन संबंधी कार्रवाई शिक्षकों के साथ अन्याय होगी।

उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेशभर में शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए वीएसके ऐप लागू किया गया है। वहीं डीपीआई के निर्देशानुसार जुलाई माह से इसी ऐप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर वेतन भुगतान किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। इस निर्णय को लेकर शिक्षकों में व्यापक चिंता व्याप्त है। संघ का कहना है कि वी.एस.के. ऐप में अनेक तकनीकी समस्याएँ लगातार सामने आ रही हैं। इनमें शाला में उपस्थित होने के बावजूद गलत लोकेशन प्रदर्शित होना, उपस्थिति के निर्धारित समय प्रातः 10 बजे एवं सायं 4 बजे सर्वर का डाउन रहना, कमजोर इंटरनेट अथवा मोबाइल नेटवर्क के कारण उपस्थिति दर्ज न हो पाना, जीपीएस की त्रुटियों से सही स्थान पर होने के बावजूद उपस्थिति अस्वीकार होना, ऐप का बार-बार हैंग या क्रैश होना, सफलतापूर्वक उपस्थिति दर्ज होने के बाद भी रिकॉर्ड में दिखाई न देना, पुराने मोबाइल उपकरणों पर ऐप का सुचारु रूप से कार्य न करना, बिजली एवं नेटवर्क बाधित होने पर वैकल्पिक व्यवस्था का अभाव, दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या, हेल्पडेस्क द्वारा समय पर समाधान न मिलना तथा ऑफलाइन अथवा मैनुअल उपस्थिति का विकल्प उपलब्ध न होना जैसी गंभीर समस्याएँ शामिल हैं। ऐसी स्थिति में तकनीकी त्रुटियों का दायित्व शिक्षकों पर नहीं थोपा जा सकता। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश बघेल, संभाग अध्यक्ष (बिलासपुर) मोहन लहरी, जिला अध्यक्ष (कोरबा) नित्यानंद यादव ,संयोजक सादिक अंसारी,महिला प्रकोष्ठ प्रमुख अनिता राठौर, किरण गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अशोक कश्यप , ने संयुक्त रूप से चेतावनी दी है कि यदि वी.एस.के. ऐप की तकनीकी खामियों को दूर किए बिना शिक्षकों का एक दिन का भी वेतन रोका या काटा गया, तो संघ डीपीआई कार्यालय का घेराव करेगा। आवश्यकता पड़ने पर जिला स्तर से लेकर न्यायालय तक लोकतांत्रिक एवं चरणबद्ध आंदोलन भी किया जाएगा। संघ ने शासन से मांग की है कि पहले वी.एस.के. ऐप की सभी तकनीकी खामियों का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद ही उपस्थिति को वेतन अथवा अन्य प्रशासनिक कार्रवाई का आधार बनाया जाए। संघ ने प्रदेश के सभी शिक्षकों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी प्रकार की चिंता न करें। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ प्रत्येक शिक्षक के अधिकार, सम्मान और न्याय की रक्षा के लिए सदैव उनके साथ मजबूती से खड़ा है।

## जामपानी के विद्यालयों में हुआ पौधरोपण



**मड़वारानी।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला, जामपानी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। शासकीय प्राथमिक शाला, जामपानी के प्रधानपाठक देवनारायण पैकरा, सहायक शिक्षक जय सिंह कंवर एवं महेन्द्र कुमार कंवर ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक शाला, जामपानी के प्रधान पाठक आनंद राम धिरही, शिक्षक संतराम पैकरा, अमन बिंझवार, श्रीमती मधुस्मिता गोंड़ तथा कमल नारायण रात्रे का योगदान रहा। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 8 तक के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा पर सर्वमंगला घाट में हसदेव आरती का आयोजन आज

**कोरबा।** नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी, उसकी सहायक नदियों तथा अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण, प्रदूषण में कमी लाने और नदी तटों के सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की पूर्णिमा को माँ सर्वमंगला मंदिर घाट, कोरबा में सायं 5 बजे हसदेव आरती का आयोजन किया जाता है। समिति ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई को सायं 5 बजे माँ सर्वमंगला मंदिर घाट में विशेष हसदेव आरती का आयोजन किया जाएगा।

### कोयलांचल परिवहन संघ के सदस्यों ने महाप्रबंधक से मुलाकात



**कोरबा।** कोयलांचल परिवहन संघ के सदस्यों ने एसईसीएल कोरबा महाप्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता से मुलाकात कर उनके साथ होने वाली समस्याएं से अवगत कराया गया। जिस पर मुख्य महाप्रबंधक के द्वारा सभी समस्याओं को सुना गया व उसके निराकरण हेतु अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया। मुख्य महाप्रबंधक कोरबा के द्वारा सभी कोयलांचल परिवहन संघ के सदस्यों को आश्वासन दिया गया कि भविष्य में जिस प्रकार की कठिनाइयों का आप सभी को सामना करना पड़ रहा है बहुत जल्द उन कठिनाइयों को दूर कर दिया जाएगा ताकि आप सफलतापूर्वक अपना कार्य कर सके वह उत्पादन में सहभागी बन सके। महाप्रबंधक के आश्वासन के बाद संगठन के सभी सदस्यों ने उनकी प्रशंसा की और कहा कि उनका भी हमेशा उत्पादन में सहयोग रहेगा।

### माय भारत युवा कार्यक्रम अंतर्गत नशामुक्त भारत अभियान संपन्न



**कोरबा।** जिले में कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में माय भारत युवा कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। इस कड़ी में माय भारत युवा कार्यक्रम के अंतर्गत 27 जुलाई को  नशामुक्त भारत अभिया युवा की उड़ान, नशा मुक्त भारत का निर्माण थीम पर जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आशुतोष पाण्डेय निगम आयुक्त उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने सभी प्रतिभागियों एवं युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए युवा शक्ति का महत्व बताया तथा युवाओं की ऊर्जा को देश और राष्ट्र के विकास में लगाते हुए स्वयं का भविष्य संवर्धन करने के लिए प्रेरित किए।

### बाबाधाम देवघर जाने के लिए पहला जत्था हुआ रवाना



**हरदीबाजार।** मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड व हनुमान भक्तों के द्वारा सावन में शिव की नगरी बाबाधाम देवघर व बाबा बासुकीनाथ दर्शन करने व जल चढ़ाने के लिये पहला जत्था संकट मोचन हनुमान मंदिर बजरंग चौक सराई सिंगार से मंगलवार को को दोपहर 2 बजे रवाना हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर व भाजपा जिला मंत्री अजय कुमार दुबे ने सभी बाबाधाम देवघर जाने वाले यात्रियों निलेन्द्र राठौर, दुर्गेश डिक्सेना, दिलीप राठौर, नरेंद्र अहीर, प्रताप कंवर, जयनारायण कंवर को अपनी शुभकामनाएं देते हुए मंगल यात्रा की कामना की।  इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय भागवताचार्य पंडित रमाकांत शर्मा आदि उपस्थित थे।

# मन लगाकर पढ़ें, अपने माता-पिता, विद्यालय और जिले का करें नाम रोशन : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता, विद्यालय तथा जिले का नाम ऊँचा करने का आह्वान किया। शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है और प्रत्येक विद्यार्थी को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर प्रयास करना चाहिए।


उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने पीएम श्री सेजस, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बालको में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के शासकीय विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाओं और बेहतर व्यवस्थाओं के साथ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का मजबूत आधार बन रहे हैं। प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। युक्तियुक्तकरण से शिक्षकों की समस्या का समाधान हुआ है तथा सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया भी जारी है। जिले में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के माध्यम से नए विद्यालय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है और शिक्षकों की नियुक्ति भी की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने बच्चों, जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों के साथ न्योता भोजन में भी सहभागिता की तथा विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने स्कूल छात्राओं को पुस्तक व साइकिल का वितरण किया।

**शाला प्रवेशोत्सव में उद्योग मंत्री ने किया छात्रों का स्वागत**



## कटघोरा का मामला, प्रतिमा निर्माण को लेकर उठे सवाल

# अटल परिसर में लाखों के भ्रष्टाचार का खेल सीमेंट की प्रतिमा पर लगाया ब्रॉन्ज पेंट



अटल परिसर में लगाई गई अटल बिहारी बाजपाई की प्रतिमा। (गोल घेरे में उखड़ा हुआ पेंट।)

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

राज्य सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से राज्य के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण कराया गया। इस योजना के तहत शहरों और नगरों के प्रमुख स्थलों एवं उद्यानों का सौंदर्यीकरण करते हुए वहां अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की गईं और उनका विधिवत लोकार्पण भी किया गया।

राज्य के कुल 187 नगरीय निकायों, जिनमें 14 नगर निगम, 50 नगर पालिका और 123 नगर पंचायत शामिल हैं, में इस योजना को लागू किया गया। इसके लिए शासन द्वारा लगभग 46 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अनुदान के रूप में स्वीकृत की गई। योजना के अनुसार नगर निगमों को 50 लाख रुपये, नगरपालिकाओं को 30 लाख रुपये तथा नगर पंचायतों को 20 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। हालांकि इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन को लेकर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि कई स्थानों पर निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हुआ है। कटघोरा नगर पालिका परिषद में निर्मित अटल परिसर को लेकर भी ऐसे ही गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं, जिसे स्थानीय लोग भ्रष्टाचार का प्रत्यक्ष उदाहरण बता रहे हैं। जानकारी के अनुसार कटघोरा नगर पालिका परिषद द्वारा इस परिसर का निर्माण कराया गया जबकि निर्माण कार्य का ठेका नगर के व्यवसायी एवं ठेकेदार मनोज कुंमार अग्रवाल को दिया गया था। निर्माण कार्य कई महीनों तक चलता रहा लेकिन सबसे बड़ा विवाद परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा को लेकर सामने आया है।

**कराएंगे जांच**

अटल परिसर में स्थापित की गई  पूर्व प्रधानमंत्री अटल की प्रतिमा जो की ब्रॉन्ज मेटल की लगाई जानी थी अभी जानकारी मिल रही है कि वो सीमेंट की है और कई जगह से उसका कलर उखड़ रहा है यह जांच का विषय है, उनके द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इसकी जांच कर उचित कार्यवाही करें।

-राज जायसवाल
अध्यक्ष, न.पा.प.कटघोरा

**कराई जाए उचित जांच**

राज्य शासन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाए रखने यह कार्य किया गया था और इसके लिए एक मूर्ति के लिए मापदंड तय किया गया था लेकिन कटघोरा के अटल परिसर में लगाई गई मूर्ति सीमेंट की है अगर यह सत्य है तो यह बात बहुत ही अशोभनीय कृत्य हुआ है नगर पालिका परिषद इसकी जांच कराए और उचित कार्यवाही करें।

**पवन अग्रवाल,** पार्षद भाजपा, वार्ड नं 6

**ब्रॉन्ज की जगह लगा दी सीमेंट व पत्थर की प्रतिमा**

आरोपों के मुताबिक परियोजना के तहत परिसर में ब्रॉन्ज (तांबे) की प्रतिमा स्थापित की जानी थी जिसकी अनुमानित लागत 13 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है लेकिन आरोप है कि वास्तविकता में ब्रॉन्ज की प्रतिमा स्थापित करने के बजाय सीमेंट की प्रतिमा तैयार कर उस पर केवल ब्रॉन्ज रंग का पेंट कर दिया गया। दावा किया जा रहा है कि इस प्रतिमा की वास्तविक लागत निर्धारित राशि की तुलना में काफी कम है और शेष राशि का बंदरबांट कर लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में हुई बारिश के बाद प्रतिमा पर चढ़ाया गया ब्रॉन्ज रंग जगह जगह उखड़ने लगा है, जिससे प्रतिमा की वास्तविक सामग्री सामने आने लगी है। लोगों का आरोप है कि यदि प्रतिमा वास्तव में ब्रॉन्ज की होती तो इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। यही वजह है कि अब पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

# कोयला कर्मचारियों के लिए पीएफ नियमों में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार ने कोयला खदानों में कर्मचारियों के भविष्य निधि से जुड़े कानून के उल्लंघन पर कार्रवाई की प्रक्रिया को लेकर नया नियम बनाया है। कोयला मंत्रालय ने कोल माइंस प्रोविडेंट फंड एंड मिसलेनियस प्रोविजंस 2026 का ड्राफ्ट जारी किया है। जिस पर लोगों से आपत्ति और सुझाव मांगा गया है। इन नियमों के माध्यम से पहली बार यह स्पष्ट किया गया है कि कानून के उल्लंघन के मामलों की जांच कैसे होगी। जुर्माना किस प्रक्रिया से लगाया जायेगा। संबंधित व्यक्ति या कंपनी को अपील करने का क्या अधिकार होगा। ड्राफ्ट नियमों के अनुसार यह नियम कोल माइंस प्रोविडेंट फंड एंड मिसलेनियस प्रोविजंस एक्ट- 1948 के तहत दंड निर्धारण और अपील की प्रक्रिया को लागू करेंगे। नियमों के लागू होने के बाद प्रत्येक मामले में तय प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य होगा।

ड्राफ्ट में कहा गया है कि यदि एडजुडिकेटिंग ऑफिसर को यह विश्वास होता है कि किसी कंपनी, नियोक्ता, ठेकेदार या अन्य संबंधित व्यक्ति ने अधिनियम अथवा उसके तहत बनाई गई किसी योजना का उल्लंघन किया है तो वह स्वतः संज्ञान या शिकायत, निरीक्षण रिपोर्ट, अनुपालन रिपोर्ट अथवा अन्य रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू कर सकता है। जांच के दौरान संबंधित अभिलेख, रजिस्टर, रिटर्न, दस्तावेज और स्पष्टीकरण मांगे जा सकेंगे। ड्राफ्ट नियमों में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को महत्व दिया गया है। यदि प्रथम दृष्टया मामला बनता है तो संबंधित व्यक्ति को फॉर्म-1 में नोटिस जारी किया जायेगा। नोटिस में उल्लंघन का विवरण, संबंधित कानूनी प्रावधान, मांगे गए दस्तावेज तथा जवाब देने की समय-सीमा का उल्लेख होगा। जवाब देने के लिए सामान्यतः 15 से 30 दिन का समय दिया जाएगा।

**ऑनलाइन भी हो सकेगी सुनवाई**

संबंधित व्यक्ति स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से अपना पक्ष रख सकेगा। सुनवाई फिजिकल या डिजिटल माध्यम से भी कराई जा सकेगी। यदि नोटिस मिलने के बावजूद कोई जवाब नहीं दिया जाता या सुनवाई में उपस्थित नहीं होता, तो एडजुडिकेटिंग ऑफिसर एकपक्षीय निर्णय भी ले सकता है। ड्राफ्ट नियमों में पहली बार यह भी स्पष्ट किया गया है कि जुर्माना तय करते समय किन-किन बातों पर विचार किया जायेगा। इनमें उल्लंघन की गंभीरता और अवधि का भी ख्याल रखा जायेगा। प्रभावित कर्मचारियों या पेंशनभोगियों की संख्या के आधार पर जुर्माना तय होगा। यह भी देखा जायेगा कि संस्था पहले भी ऐसा उल्लंघन किया है कि नहीं। उल्लंघन से प्राप्त अनुचित लाभ, सार्वजनिक हित या फंड को हुई क्षति, जानबूझकर की गई गलती तथा जांच में सहयोग जैसे पहलू का भी ख्याल रखा जायेगा।

### जिला बदर कार्रवाई का उल्लंघन, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**जांजगीर-चांपा।** जिला बदर कार्रवाई का उल्लंघन कर जांजगीर में लुक छिपकर रहने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली  का है।इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के द्वारा पूर्व में थाना प्रभारी की मीटिंग लेकर आदतन अभ्यस्त आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। इसी तारतम्य में थाना बलौदा से अनावेदक शांतनु शांडेय निवासी बिरगहनी बलौदा  के विरुद्ध जिलाबदर करने हेतु प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी को प्रेषित किया गया था। जिला दंडाधिकारी द्वारा प्रकरण की सुनवाई पश्चात शांतनु शांडेय को मार्च को 1 वर्ष के लिए 6 जिला सक्ती, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर,  बलौदा बाजार व जांजगीर में प्रवेश को प्रतिबंधित कर निष्कासित  किया गया था।

# वंचित तकनीकी कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी में विगत जून माह में संयंत्र सहायक 1 और जूनियर सुपरवाइजर के पदों पर पदोन्नति आदेश जारी हुए थे। जिनमें बहुत से पात्र कर्मचारी पदोन्नति से वंचित हो गए थे जिससे कर्मचारियों में पदोन्नति में भेदभाव को लेकर काफी असंतोष था। जिसके लिए फेडरेशन 01 के महासचिव आर सी चेट्टी के नेतृत्व में तीनों संयंत्रों के कर्मचारियों द्वारा गेट मीटिंग और आमसभा के माध्यम से कंपनी प्रबंधन के पदोन्नति में भेदभाव को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया था।

साथ ही उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक के कोरबा पश्चिम प्रवास पर भी कोरबा पूर्व और कोरबा पश्चिम के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था, तत्समय प्रबंध निदेशक द्वारा संगठन प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया था कि जल्द ही इस सम्बन्ध में संगठन प्रतिनिधियों और मानव संसाधन के अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। फेडरेशन 01 के महासचिव आर सी चेट्टी द्वारा मानव संसाधन रायपुर के अधिकारियों से लगातार संपर्क कर शेष पात्र तकनीकी कर्मचारियों की पदोन्नति आदेश जारी करने की पहल की जा रही थी। जिस पर अमल करते हुए प्रबंधन द्वारा 27 जुलाई को 12 जूनियर सुपरवाइजर और 44 संयंत्र सहायक 1 के पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं, अभी भी लगभग 34 संयंत्र सहायक 1 और 26 संयंत्र सहायक 2 पात्र कर्मचारी पदोन्नति से वंचित रह गए हैं इस सम्बन्ध में संगठन द्वारा लगातार प्रयास जारी है और शीघ्र रायपुर जाकर शेष कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी करवाने का प्रयास किया जाएगा।

**खास बात**

- फेडरेशन 01 के सतत प्रयास का मिला प्रतिफल

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने किया बच्चों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, शाखा कटघोरा द्वारा बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं अन्य स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे का उत्साहवर्धन करते हुए सभी प्रतिभागियों को उपयोगी उपहार स्वरूप छाता भेंट किया गया, ताकि कोई भी बच्चा स्वयं को उपेक्षित महसूस न करे। आयोजन पर शाखा द्वारा लगभग 5 हजार की प्रदान की गई। शाखा की पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## उद्योग मंत्री की मौजूदगी में एसडीएम ने दिलाई शपथ

# बांकीमोंगरा नपा के एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के नवनियुक्त एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कटघोरा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने नवनियुक्त एल्डरमैन श्रीमती राखी अग्रवाल, जितेन्द्र सिंह, देव यादव एवं निराकार नाहक को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के



उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को स्मृति भेंट कर करते नपा उपाध्यक्ष एवं अन्य।

विधायक प्रेमचंद पटेल ने की। वहीं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा अतिविशिष्ट अतिथि तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो छत्तीसगढ़ विकास झा, बांकीमोंगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, नगर पालिका के समस्त पार्षद, विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारगण तथा सैकड़ों की संख्या में नागरिक मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के उपरांत नवनियुक्त एल्डरमैन श्रीमती राखी अग्रवाल, जितेन्द्र सिंह, देव यादव एवं निराकार नाहक का अतिथियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि एल्डरमैन नगर विकास की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों से जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नगरों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है और बांकीमोंगरा के विकास में भी कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम को विधायक प्रेमचंद पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित विकास झा ने कहा कि बांकीमोंगरा के सर्वांगीण विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने नवनियुक्त एल्डरमैनों को शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411